आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- विधानसभा का बजट सत्र 3 दिन के अवकाश के बाद कल फिर होगा शुरू– मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे पेश करेंगे अगले वित्त वर्ष का बजट।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– बजट से जनता को कोई उम्मीद नहीं– कांग्रेस की घोषणाओं को बताया झूठ का पुलिंदा।
- राज्य सरकार ने बिलासपुर में हुए गोलीकांड की जांच के लिए किया विशेष जांच दल का गठन।

और

- प्रदेश में आज भी जारी रहा हिमपात व वर्षा का दौर– ओलावृष्टि से कई जगह फलदार पौधों को नुकसान।

................

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र तीन दिन के अवकाश के बाद कल शिमला में फिर शुरू होगा। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से होगी। कल ही मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2025–26 का आम बजट पेश करेंगे। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हर वर्ग को इस बजट से काफी उम्मीदें हैं।

*शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कल सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अगले वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का ये तीसरा बजट होगा। कांग्रेस सरकार के इस बजट से प्रदेश का हर वर्ग उम्मीदें लगाए बैठा है। राज्य के कर्मचारी वर्ग को भी मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के इस बजट से काफी उम्मीदें हैं। हालांकि आर्थिक संकट से जूझ रही प्रदेश सरकार के पिटारे से इस बार लोक लुभावन व बड़ी घोषणाओं की उम्मीद कम ही है लेकिन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कुछ घोषणाएं की जा सकती हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री बजट में अगले वित वर्ष के दौरान नई भर्तियों का भी ऐलान भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बीते वर्ष 58 हजार 4 सौ 44 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था।*

*रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में वित्त वर्ष 2025–26 के बजट प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा कि जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिए ये बजट पेश किया जाएगा और हिमाचल को उन्नति की नई ऊंचाईयों तक ले जाने में बजट अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बजट जहां राज्य की अर्थव्यवस्था को मज़बूती देगा, वहीं विकास के नए अवसर भी सृजित करेगा।

जयराम ठाकुर

दूसरी ओर, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि कल पेश होने वाले बजट से प्रदेश की जनता को कोई उम्मीद नहीं है। मण्डी में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सरकार ने बजट में जो घोषणाएं की थीं वे केवल झूठ का पुलिंदा ही साबित हुई हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार केवल झूठी घोषणाएं करने और लोगों को गुमराह करने वाला बजट ही पेश कर रही है।

भेंट

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने नागपुर में केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की। उन्होंने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग और लंबित सड़क परियोजनाओं पर विचार–विमर्श किया। भेंट के दौरान नितिन गडकरी ने प्रदेश में कनैक्टिविटी को सशक्त करने के लिए रोप–वे आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। राजेश धर्माणी ने प्रदेश के लिए अब तक स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्गों और रोप–वे के उदार वित्त पोषण के लिए केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार सरकारी शिक्षण संस्थानों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रयासरत है। कांगड़ा ज़िले के राजकीय महाविद्यालय ज्वाली के वार्षिक समारोह में आज उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षण संस्थानों में आधुनिक सुविधाएं देने के अलावा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। कृषि मंत्री ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया ताकि सरकारी संस्थानों से विद्यार्थियों का पलायन रोका जा सके। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है। शिमला ज़िले के कोटखाई स्थित महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में हज़ारों की संख्या में अध्यापकों के विभिन्न श्रेणियों के पद भरे गए हैं और ये प्रक्रिया निरंतर जारी है। स्थानीय विकास कार्यों की चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र में सरकार द्वारा अभूतपूर्व विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों व भवनों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

एस.आई.टी.

प्रदेश सरकार ने बिलासपुर गोलीकांड मामले में विशेष जांच दल एस.आई.टी. का गठन किया है। ए.डी.जी.पी. ज्ञानेश्वर सिंह की देखरेख में गठित .इस जांच दल में डी.आई.जी. सौम्या सांबशिवन को एस.आई.टी. का चेयरपर्सन बनाया गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता की ये रिपोर्ट––

सुरेश कश्यप

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि बिलासपुर में हाल ही में हुआ गोलीकांड दुर्भाग्यपूर्ण है और पार्टी इस घटना की निंदा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विभिन्न तरह का माफिया

सक्रिय है और गैंगवॉर के माध्यम से इस तरह की घटनाओं को बल मिल रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि सरकार ने इस मामले में एस.आई.टी. का गठन कर जांच शुरू कर दी है लेकिन गोलीकांड में घायल पूर्व विधायक द्वारा की जा रही व्यक्तिगत टिप्पणियां अशोभनीय हैं।

तीरंदाज़ी

कांगड़ा ज़िले के इंदौरा में एन.टी.पी.सी. नैशनल रैंकिंग तीरंदाज़ी प्रतियोगिता आज शुरू हुई। दस दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए तीरंदाज़ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यादविन्द्र गोमा ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज़ी प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है जिसके लिए भारतीय तीरंदाज़ी संघ और हिमाचल तीरंदाज़ी संघ बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि सरकार नए इंडोर स्टेडियमों के निर्माण सहित खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए कई कदम उठा रही है।

श्रद्धालु

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शुमार हमीरपुर ज़िले के बाबा बालक नाथ मंदिर में चैत्र मास मेलों के शुरूआती दौर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर न्यास के अध्यक्ष व बड़सर के एस.डी.एम. राजेन्द्र गौतम ने बताया कि आज दोपहर तक करीब 40 हज़ार श्रद्धालु बाबा बालकनाथ मंदिर में दर्शन कर चुके थे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश के ऊचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा का दौर आज दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है जिससे फलदार पौधों को नुकसान पहुंचा है। मौसम के इस मिजाज़ से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जनजातीय जिला किन्नौर के ऊपरी इलाकों में हल्का हिमपात और निचले इलाकों में बारिश का क्रम जारी है। रिकांगपिओ से हमारी संवाददाता के अनुसार ज़िले में हो रही वर्षा से किसान–बागवान खुश हैं।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में चंबा, लाहौल–स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिलों में हिमस्खलन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर हिमपात व वर्षा का क्रम जारी रह सकता है।

टीकाकरण

देशभर में आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। मंत्रालय ने बताया है कि राज्य सरकारों और समर्पित अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केन्द्र सरकार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए प्रतिबद्ध है। इधर राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर सोशल मीडिया के माध्यम से एक संदेश में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूकता अनिवार्य है।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- विधानसभा का बजट सत्र 3 दिन के अवकाश के बाद कल फिर होगा शुरू– मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे पेश करेंगे अगले वित्त वर्ष का बजट।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– बजट से जनता को कोई उम्मीद नहीं– कांग्रेस की घोषणाओं को बताया झूठ का पुलिंदा।
- राज्य सरकार ने बिलासपुर में हुए गोलीकांड की जांच के लिए किया विशेष जांच दल का गठन।

  और

- प्रदेश में आज भी जारी रहा हिमपात व वर्षा का दौर– ओलावृष्टि से कई जगह फलदार पौधों को नुकसान।

नमस्कार।